**JALAUN POLICE**

**दिनांक- 21.12.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना कैलिया पुलिस द्वारा फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोन दिलाने के नाम पर धोखाधडी करने से सम्बन्धित अभियोग में 01 शातिर अभियुक्त को फ्रॉड किये गये 6,410/- रुपये व धोखाधडी करने में प्रयुक्त अन्य माल के साथ गिरफ्तार किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 19.12.2025 को वादिनी कुमकुम रानी द्वारा थाना कैलिया पर तहरीरी सूचना दी गयी कि अभियुक्त द्वारा फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोन दिलाने के नाम पर धोखधडी कर रुपये ठग लेना व फोन करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देना। वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना कैलिया में मु0अ0सं0 106/25 धारा 316(2)/318(4)/352/351(2) बीएनएस बनाम नानूराम कूमावत उर्फ नरेन्द्र पुत्र स्व0 छितरमन उम्र करीब 32 वर्ष नि0 सौभाग की दाढ़ी नौदा थाना फुलेरा जिला जयपुर(राजस्थान) के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

दिनांक 21.12.2025 को थाना कैलिया पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं सुरागरसी-पतारसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर खैरी मोड़ ग्राम खैरी थाना कैलिया जनपद जालौन से मय ठगी के 6410/- रूपये तथा 03 अदद एण्ड्रायड मोबाइल, 03 अदद सिम, एक अदद लैपटाप मय चार्जर, 03 अदद पासबुक, 03 अदद एटीएम कार्ड, 04 अदद चेकबुक 01 अदद इंकपैड व मुहर व एक डायरी, एक फोल्डर व अन्य कागजात इत्यादि के साथ गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण से माल बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैलिया में पंजीकृत अभियोग में धारा बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गयी है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. नानूराम कुमावत पुत्र स्व0 छितरमल उम्र करीब 32 वर्ष नि0 शौभाग सिंह की ढाणी हिरनोदा थाना फुलेरा जिला जयपुर(राजस्थान)

**अभियुक्त के अपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के थानो व सीमावर्ती जनपदों से की जा रही है।**

**बरामदगी का विवरण-**

1. 6410/- रुपये(फ्रॉड किये गये)
2. 01 अदद लैपटाप मय चार्जर HP कम्पनी
3. 03 एण्ड्रायड मोबाइल, 03 अदद सिम
4. 03 अदद पासबुक, 03 अदद एटीएम कार्ड, 04 अदद चेकबुक
5. 01 अदद इंकपैड व मुहर व एक डायरी

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-**

1. थानाध्यक्ष कैलिया मय पुलिस टीम।